प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 05.10.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान ने देशभर में साढे छह करोड़ महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर में 128 नई रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे—दूर दराज के क्षेत्रों में सुगम परिवहन के लिए ग्रामीण बस सेवा का भी शुभारम्भ करेंगे।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सात से 15 साल तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ किया।
- प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना—35 जिलों में बरसात का यलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने वाले सभी लोगों के प्रयासों की सराहना की है। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा की एक सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देते हुए, श्री मोदी ने इस अभियान को जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इससे पहले, श्री नड्डा ने कहा कि इस अभियान ने साढे छह करोड़ महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि देश भर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। दो सप्ताह तक चले इस अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने की थी और 2 अक्टूबर को इसका समापन हुआ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल आपकी पूंजी आपका अधिकार राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की। गुजरात के गांधी नगर से शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य वित्तीय प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों की लावारिस सम्पत्तियों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करना है। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि ये अभियान लावारिस जमा राशियों को उनके वैध दावेदारों को वापसी सुनिश्चित करेगा।

......

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में रोडवेज बेडे में शामिल 128 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही दूर दराज के क्षेत्रों में परिवहन सुविधा के लिए ग्रामीण बस सेवा का भी शुभारम्भ करेंगे। ये नई बसें नये प्रदूषण मानक और तकनीक से युक्त है। इन ब्ल्यू लाईन बसों का प्रदेशभर में डिपो के अनुसार आंवटन किया जायेगा। वहीं ग्रामीण बस सेवा का नाम आपणी बस दिया गया है। इससे प्रदेश के आदिवासी और दूरदराज सहित सभी क्षेत्रों के ग्रामीणों को परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। श्री शर्मा रोडवेज की वोल्वो और एसी बसों के लिए केटरिंग सुविधा की भी शुरूआत करेंगे। इसमें यात्रियों को उनकी सीट पर ही पेयपदार्थो और खाद्य सामग्री की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

जालौर और पाली जिले में सिंचाई के लिए जवाई बांध से 4 हजार 900 एमसीएफटी पानी और 2 हजार 917 एमसीएफटी पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि बांध में पर्याप्त पानी होने के कारण रबी मौसम के लिए किसानों को भरपुर पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से 57 गांवों के 38 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।

.....

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल अलवर में जीएसटी बचत उत्सव में भाग लिया। उन्होंने पदयात्रा का शुभारम्भ कर व्यापारियों से बातचीत की और उन्हें बचत उत्सव के बारे में जागरूक किया। श्री यादव ने लोगों को आत्मनिर्भर भारत के लिए वोकल फोर लोकल के लिए प्रेरित किया।

......

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संग्रह नियम–2008 में संशोधन किया है। अब बिना फास्ट टैग लगे वाहनों को यूपीआई से भुगतान करने पर टोल टैक्स का सवा गुना भुगतान करना होगा। नए नियमों के अनुसार वैध और सक्रिय फास्टटैग के बगैर शुल्क प्लाजा से गुजरने वाले वाहन यदि नकद का विकल्प चुनते हैं तो उन्हे आधिकारिक उपभोक्ता शुल्क का दो गुना भुगतान करना होगा। यह नियम अगले महीने की 15 तारीख से लागू होंगे।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सात से 15 साल तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस आयु वर्ग के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क में छूट पहली अक्टूबर से लागू की गई है। ये छूट एक साल की अवधि के लिए लागू रहेगी। इस फैसले से देशभर के लगभग छह करोड़ से अधिक बच्चों को फायदा होगा।

उत्तर पश्चिम रेल्वे की ओर से आज जैसलमेर रेल्वे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम रखा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये कार्यक्रम रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की पहल है। इसके जरिये रेल यात्रा को नागरिक सहभागिता से और बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिये जायेंगे।

.....

राजसमंद में कल एक डम्पर और कार की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई। हादसा राजनगर क्षेत्र में गोमती उदयपुर फोर लेन पर तेज रफ्तार के कारण हुआ, जिससे कार सवार लोग दुर्घटना का शिकार हो गए।

प्रदेश में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आज दोपहर बाद 35 जिलों में गरज और तेज हवाओं के साथ बरसात का यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ का असर जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर 7 अक्टूबर तक जारी रहने की संभावना है। इस बीच बीते 24 घंटों में डबोक, डूंगरपुर सहित कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज हुई। बारां के छीपाबडोद क्षेत्र के हरनावदा शाहजी में अच्छी बरसात हुई। वहीं बाडमेर जिले के चोहटन और धोरीमन्ना इलाके में कल दोपहर बाद बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बरसात से कटी हुई खरीफ फसलो को नुकसान का अंदेशा है।

.....

सिरोही जिले के माउंटआबू में भी पिछले दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इससे विभिन्न स्थानों पर झरने फिर से जीवंत हो उठे है और चारो और फैली हरियाली सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। कल हुई बारिश के दौरान पहाडों पर घनी धुंध छायी रही।